जालंधर, रविवार 24 मार्च 2024
JALANDHAR, LUDHIANA, AMRITSAR, CHANDIGARH
+91 97814 00247



वंदे भारत 24
भारत के मन की बात

**सुविचार**

पैसा कमाने के लिये इतना वक्त खर्च ना करो की, पैसे खर्च करने के लिये जिंदगी में वक्त ही ना मिले।

@vandebharat24 | vandebharat24news | @vandebharat24news | www.vandebharat24.com


# जहरीली शराब से मौत के मुँह में पंजाब

## लोकसभा चुनाव से पहले पंजाब में बुरी तरह घिरने लगी 'आप'

### पंजाब सरकार दिल्ली धरना देने में व्यस्त

**जालंधर ( हर्ष शर्मा ) :** बिगड़ती कानून व्यवस्था के बाद अब पंजाब के लोग जहरीली शराब की चपेट में है। पंजाब में जहरीली शराब का कहर लोगों को मौत के मुँह में धकेल रहा है। संगरूर , ढिडवा और सुनाम में जहरीली शराब से लगातार मौत हो रही है। जहरीली शराब को लेकर लोगों में दहशत फेली हुई है। लोग डरे और सहमे हुए है। जिनके घर मौत हुई है वहां सन्नाटा पसरा है। सैकड़ो हजारों आखों में आंसू है। लोग सरकार से उम्मीद कर रहे हैं कि जहरीली शराब का खेल खेलने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

लोग सरकार से उम्मीद कर रहे हैं कि इस दुख की घडी में सरकार उनके साथ खड़ी होगी। मगर सरकार को कहां फुर्सत, सरकार तो दिल्ली में धरना लगाने में व्यस्त हैं। CM भगवत मान अपनी पूरी कैबिनेट के साथ दिल्ली में डेरा जमाए हुए है। केजरीवाल के हक में आवाज उठा रहे हैं। मगर सरकार के इस दिल्ली कूच और शोरगुल के बीच जहरीली शराब से हुई मौतों के बाद मची चीखों पुकार दब कर रह गई है। पंजाब में लोकसभा चुनाव से पहले ही आम आदमी पार्टी सरकार बुरी तरह से घिरने लगी है। लोग कोस रहे हैं और जहरीली शराब से हो रही मौतों का हिसाब सरकार से मांग रहे है।



# पंजाब में दो करोड़ रुपये से अधिक के मादक पदार्थ, शराब और नकदी जब्त



**जालंधर ( जतिन चौहान ) :** लोकसभा चुनाव के लिए आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद से पंजाब के लुधियाना में कानून प्रवर्तन एजेंसियों ने दो करोड़ रुपये से अधिक मूल्य के मादक पदार्थ, शराब, कीमती धातुएं और बेहिसाब नकदी जब्त की है। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

अधिकारियों के मुताबिक, जब्ती में 40 लाख रुपये नकद, 1.48 करोड़ रुपये के मादक पदार्थ और 18.14 लाख रुपये की शराब शामिल है। जिला निर्वाचन अधिकारी-सह-उपायुक्त साक्षी साहनी ने एक बयान में कहा कि जिले में 126 उड़नदस्ता टीम गठित की गई हैं। साहनी ने कहा कि पिछले सप्ताह आम चुनाव की घोषणा के साथ आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद जिले में सार्वजनिक और निजी संपत्तियों से 9,360 होर्डिंग, बैनर और पोस्टर हटाए गए हैं। उन्होंने कहा कि लुधियाना जिले के सभी हथियार लाइसेंस धारकों को 31 मार्च तक अपने हथियार और गोला-बारूद नजदीकी थानों में जमा कराने के निर्देश जारी किए गए हैं। पंजाब की 13 लोकसभा सीट के लिए एक जून को मतदान होगा। उन्होंने कहा कि लुधियाना जिले के सभी हथियार लाइसेंस धारकों को 31 मार्च तक अपने हथियार और गोला-बारूद नजदीकी थानों में जमा कराने के निर्देश जारी किए गए हैं। पंजाब की 13 लोकसभा सीट के लिए एक जून को मतदान होगा।

# AAP का दिल्ली दफ्तर सील, आतिशी के दावे से सब स्तब्ध

**जालंधर ( जतिन चौहान ) :** एक तरफ पार्टी सुप्रीमो अरविंद केजरीवाल को प्रवर्तन निदेशालय ने गिरफ्तार कर लिया है वहीं पार्टी के दिल्ली आफिस को सील कर दिया गया है। यह दावा किया है पार्टी की वरिष्ठ नेता आतिशी ने। आतिशी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर एक पोस्ट में पार्टी कार्यालय को 'सील' करने पर सवाल उठाए।

उन्होंने कहा कि ये कदम संविधान की ओर से दिए गए समान अवसरों के खिलाफ है।

उधर सौरभ भारद्वाज ने इस मुद्दे पर रिएक्ट करते हुए कहा कि उम्मीद है चुनाव आयोग निष्पक्ष रूप से इस पर कार्रवाई करेगा।

उन्होंने चुनाव आयोग से दिल्ली पुलिस अधिकारी पर कार्रवाई की मांग की है। आतिशी ने शनिवार को दावा किया कि कथित शराब घोटाले में कई छापे मारने, गिरफ्तारियां करने और दो साल तक जांच करने के बावजूद ईडी आम आदमी पार्टी (आप) के किसी भी नेता के खिलाफ धन के लेन-देन की बात स्थापित नहीं कर पाई है।




# कांग्रेस की लिस्ट आने से पहले ही डरे आप के प्रत्याशी

### पंजाब में भी कांग्रेस से गठबंधन की करनें लगे मांग, चुनाव लड़ने से पहले ही पंजाब में आप ने मानी हार- बाजवा


**जालंधर ( हर्ष शर्मा ) :** पंजाब में लोकसभा के चुनाव बेहद रोचक होने जा रहे हैं। कारण साफ है कि पंजाब में कांग्रेस और आप अलग-अलग चुनाव लड़ रहे हैं। जबकि बाकी पूरे देश में दोनों एक दूसरे के गले में बाहें डाल रहे हैं। आम आदमी पार्टी ने पंजाब में 8 सीटों पर अपने कैंडिडेट घोषित कर दिए हैं जबकि पांच सीटों पर अगले कुछ दिनों में उम्मीदवार सामने आ जाएंगे।

कांग्रेस ने चाहे अभी पंजाब में किसी भी सीट से कैंडिडेट घोषित नहीं किया है। मगर चुनाव से पहले ही आम आदमी पार्टी के कैंडिडेट चुनाव से भागने लगे हैं और हार से डरने लगे हैं। आम आदमी पार्टी और कांग्रेस का शीर्ष नेतृत्व अलग-अलग पंजाब में चुनाव लड़ने का ऐलान कर चुके हैं। मगर हार के डर से अब आप के एक प्रत्याशी ने यह बयान दे दिया है कि पंजाब में भी आप और कांग्रेस को गठबंधन करना चाहिए। यह आप प्रत्याशी की संभावित हार को देखते हुए उनकी साफ बौखलाए दिखाई दे रही है जो पार्टी के शीर्ष नेतृत्व से अलग बयानबाजी कर रहे हैं। इस नेता को डर सता रहा है कि उनके सामने कांग्रेस एक हैवीवेट नेता को उतारने जा रही है जिसे उसे बड़ी हार साफ दिखाई दे रही है। ऐसे में कांग्रेस के प्रत्याशी का नाम सामने आने पर यह नेता जनता के बीच जाकर कैसे प्रचार कर पाएंगे यह देखने वाली बात होगी। मगर उनका गठबंधन वाला बयान साफ दिखा रहा है कि यह प्रत्याशी चुनाव लड़ने से पहले ही चुनाव से भागता दिखाई दे रहा है।



आवश्यकता
पंजाब के हर शहर व कस्बे से
वंदे भारत 24
के लिए पत्रकारों की जरूरत है। चाहवान सम्पर्क कर सकते है।
मोब. 97814-00247, 97804-00247






# वो 7 सवाल जिनके जवाब नहीं दे पाए दिल्ली के CM केजरीवाल, हुए गिरफ्तार



**जालंधर( सूरभि शर्मा ) :** आबकारी नीति मामले में फंसे दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल गुरुवार की रात गिरफ्तार हो गए। बीती शाम । बजे ईडी के अधिकारी दिल्ली के सीएम के आवास पर पहुंचे थे, उन्होंने करीब 2 घंटे तक केजरीवाल से पूछताछ की। इस दौरान उनसे एक दर्जन से भी ज्यादा सवाल पूछे गए। इनमें से कुछ सवाल ऐसे भी थे, जिनके जवाब केजरीवाल नहीं दे पाए। इसके बाद उनकी गिरफ्तारी की गई.केजरीवाल को ईडी हेड क्वार्टर ले जाया गया, जहां उन्होंने रात बिताई।

यह घटनाक्रम ईडी के समन के संबंध में दिल्ली हाई कोर्ट द्वारा केजरीवाल को अंतरिम राहत देने से इनकार करने के कुछ घंटे बाद हुआ। केजरीवाल को आज यानी शुक्रवार को स्पेशल पीएमएलए कोर्ट में पेश किया जाएगा और ईडी पूछताछ के लिए उनकी हिरासत की मांग करेगी। दरअसल, जांच एजेंसी पूछताछ में शामिल होने के लिए केजरीवाल को 9 समन जारी कर चुकी थी, लेकिन उन्होंने लगातार समन को नजरअंदाज किया। साथ ही वो समन को गैरकानूनी बताते रहे।

दो घंटे की पूछताछ में ऐसे कौन से सवाल थे जिनके कारण केजरीवाल को गिरफ्तार किया गया। चलिए जानते हैं

1) सरकारी कंपनियों से लेकर शराब वितरण का काम प्राइवेट कंपनियों को क्यों दिया गया?
2) आपकी मौजूदगी में शराब कमीशन को 5 प्रतिशत से बढ़ाकर 12 प्रतिशत किया गया था या नहीं?
3) शराब के कमीशन को होलसेलर के लिए 5 प्रतिशत से 12 प्रतिशत बढ़ाने का आपने विरोध क्यों नहीं किया?
4) के. कविता ने शराब का कमीशन 5 प्रतिशत से बढ़ाकर 12 प्रतिशत करने का विरोध किया, उसे क्यों हटा दिया गया?
5) शराब कारोबारी समीर महेंद्रू को विजय नायर को माई बॉय बताकर पैसे देने का भरोसा करने के लिए फेसटाइम पर कहा या नहीं?
6) शराब के कमीशन को रिटेलर के लिए 185 प्रतिशत कर दिया गया, इसकी जानकारी आपको थी या नहीं?
7) आबकारी नीति की योजना किसने तैयार की थी, यह योजना किसकी थी?

## ऐसे फंसते गए सीएम केजरीवाल

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को ईडी ने पिछले साल 2 नवंबर को पहला समन भेजा था। ये समन प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट के तहत जारी किया गया था। ईडी की ओर से जारी चार्जशीट में आरोप है कि जब एक्साइज पॉलिसी 2021-2022 तैयारी की जा रही थी, उस वक्त केजरीवाल, आरोपियों के संपर्क में थे।

ईडी की ओर से दावा किया गया है कि इस मामले में भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) की नेता के। कविता के अकाउंटेंट बुची बाबू के बयान भी दर्ज किए। बुची बाबू ने बयान दिया है कि के. कविता, केजरीवाल और मनीष सिसोदिया के बीच पहले से संबंध में बात हो चुकी थी। यही नहीं इसे लेकर कविता ने मार्च 2021 में विजय नायर से मुलाकात भी की थी। इस मामले में गिरफ्तार दिनेश अरोड़ा ने ईडी को बताया था कि उसने केजरीवाल से उनके आवास पर मुलाकात की थी। उसने बताया कि वाईएसआर कांग्रेस के सांसद मंगुटा श्रीनिवासुलु रेड्डी और केजरीवाल के बीच कई मीटिंग भी हुई थी। इसके बाद ही सीएम केजरीवाल ने दिल्ली के शराब करोबार में रेड्डी की एंट्री का स्वागत किया था।

# केजरीवाल की अरेस्ट के बाद अब दिल्ली 'आप' दफ्तर भी हुआ सील

**जालंधर ( हिमांशु ) :** दिल्ली आबकारी नीति मामले में सीएम अरविंद केजरीवाल की ईडी की गिरफ्तारी के बाद से दिल्ली की राजनीति में भूचाल की स्थिति है। आम आदमी पार्टी का ईडी के इस एक्शन के खिलाफ विरोध प्रदर्शन पिछले तीन दिनों से जारी है इस बीच चौंकाने वाली खबर यह है कि दिल्ली पुलिस ने आम आदमी पार्टी के दफ्तर को चारों तरफ से सील कर दिया है।

आप सरकार में मंत्री सौरभ भारद्वाज ने दिल्ली पुलिस की इस कार्रवाई को संवैधानिक सिद्धांतों के खिलाफ बताया है। सौरभ भारद्वाज ने कहा कि दिल्ली पुलिस ने दिल्ली सरकार मंत्री आतिशी और उन्हें आम आदमी पार्टी दफ्तर जाने से रोका।

राउज ऐवेन्यू कोर्ट से आम आदमी पार्टी जाने वाले रास्ते पर हम लोगों को अंदर जाने से रोका। आम आदमी पार्टी कार्यालय को चारों तरफ से सील कर दिया गया है। लोकसभा चुनाव के दौरान किसी राष्ट्रीय पार्टी कार्यालय तक पहुंच कैसे रोकी जा सकती है?

## दिल्ली पुलिस : हमने सील नहीं किया AAP का दफ्तर

आम आदमी पार्टी कार्यालय को सील करने को लेकर मचे बवाल के बीच दिल्ली पुलिस के सूत्रों का कहना है कि आप पार्टी का कोई आफिस सील नहीं किया गया है।

क्योंकि उस इलाके में धारा 144 लगी है लिहाजा, जो इसका उल्लंघन करेगा, उसके खिलाफ कार्रवाई होगी। पुलिस का कहना है कि आप वर्कर्स और नेताओं द्वारा लगातार धारा 144 का उलंघन किया जा रहा है, इसीलिए पुलिस को वहां बेरिकेट्स लगाकर चेकिंग करनी पड़ रही है।

# केजरीवाल की गिरफ्तारी को लेकर AAP के साथ सड़कों पर नहीं उतरेगी कांग्रेस, बताई ये वजह

**जालंधर( दीपांशु चोपड़ा ) :** दिल्ली शराब नीति घोटाले में ईडी ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के घर पर सर्च के बाद रात को करीब सवा नौ बजे उन्हें गिरफ्तार कर लिया. केजरीवाल की गिरफ्तारी के बाद विपक्षी दलों का गठबंधन इंडिया ब्लॉक केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार पर हमलावर हैं। विपक्षी दलों ने आप संयोजक और उनके परिवार को अपना समर्थन दिया है, लेकिन गठबंधन के सहयोगियों ने सड़कों पर आप के विरोध में शामिल होने में दिलचस्पी नहीं दिखाई है। दरअसल, केजरीवाल की गिरफ्तारी के बाद AAP ने संयुक्त विरोध प्रदर्शन का आह्वान किया था, जिसमें कांग्रेस कैडर ने समर्थन देने से मना कर दिया है

## AAP को देंगे नैतिक समर्थन'

सूत्रों ने बताया कि इंडिया ब्लॉक के प्रमुख सहयोगी दल कांग्रेस ने अपने वरिष्ठ नेताओं को केजरीवाल के आवास पर भेजा, लेकिन कैडर शुक्रवार को आप के विरोध में शामिल नहीं हुआ था। कांग्रेस पार्टी के सूत्रों ने पुष्टि की है कि AAP को केवल 'नैतिक, नैतिक और बौद्धिक' समर्थन दिया जाएगा और निश्चित रूप से सड़कों पर विरोध के लिए कैडर आधारित समर्थन नहीं दिया जाएगा।

### केजरीवाल को 28 मार्च तक ईडी की रिमांड पर भेजा, राऊज एवेन्यू कोर्ट ने सुनाया फैसला

कांग्रेस सूत्र ने कहा कि गठबंधन सहयोगी के रूप में पार्टी हर स्तर पर केजरीवाल की मनमानी गिरफ्तारी को अपना समर्थन देगी। हालांकि, सड़कों पर विरोध का आह्वान उनका है और हमारा कैडर इसमें शामिल नहीं होगा। सूत्रों ने यह भी बताया कि पार्टी ने खुद को इंडिया ब्लॉक को सहानुभूति वोट हासिल करने में मदद करने की स्थिति में रखा है, लेकिन साथ ही जमीन पर संयुक्त विरोध में शामिल नहीं हुई है





### अरविंद केजरीवाल दिल्ली CM की कुर्सी छोड़ते हैं तो राबड़ी मॉडल चुनेंगे या मांझी मॉडल?

बता दें कि गुरुवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कथित शराब नीति घोटाले में केजरीवाल को उनके आवास से गिरफ्तार किया था। संदीप दीक्षित सहित वरिष्ठ कांग्रेस नेता समर्थन देने के लिए उनके आवास पर गए और बाद में शुक्रवार को इंडिया ब्लॉक के एक प्रतिनिधिमंडल ने उनकी गिरफ्तारी के खिलाफ भारत के चुनाव आयोग से शिकायत की है।

## जेल से ही चलेगी सरकार : केजरीवाल

सीएम अरविंद केजरीवाल को राउज एवेन्यू कोर्ट ने 28 मार्च तक ईडी की रिमांड पर भेज दिया है. ईडी ने केजरीवाल को अदालत में पेश कर दस दिन की रिमांड मांगी थी, लेकिन अदालत ने जांच एजेंसी को 6 दिन की रिमांड दी है। अब उन्हें 28 मार्च को दोपहर 2 बजे कोर्ट के समक्ष पेश किया जाएगा.

कोर्ट की ओर से 6 दिन की ईडी रिमांड मिलने के बाद सीएम अरविंद केजरीवाल ने कहा कि मैं इस्तीफा नहीं दूंगा. मैं स्वस्थ हूं और जेल से ही सरकार चलाऊंगा।





# ईडी ने काली कमाई के 129 करोड़ का पता लगाया, साउथ लॉबी का किया भंडाफोड़

**जालंधर (हर्ष शर्मा) :** ईडी ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की रिमांड मांगते हुए गोवा विधानसभा चुनाव में दिल्ली एक्साइज पॉलिसी घोटाले के काले धन के इस्तेमाल की सबूतों के साथ विस्तृत जानकारी दी है।

ईडी ने पैसे देने वाले आरोपियों के साथ-साथ इसे पहुंचाने और इस्तेमाल करने वाले सभी गवाहों के बयानों की एक सूची पेश की।उनके मुताबिक, साउथ लॉबी से ली गई 100 करोड़ रुपये की एडवांस रिश्वत में से 45 करोड़ रुपये गोवा चुनाव में खर्च किए गए। ईडी ने यह भी बताया कि अब तक अपराध से अर्जित 128.79 करोड़ रुपये की संपत्ति का पता लगाया गया है और जब्त किया गया है।



**गोवा चुनाव के लिए भेजे गए 45 करोड़ रुपये :** गोवा में आप उम्मीदवारों को नकद राशि भी मुहैया करायी गयी। साउथ लॉबी से 100 करोड़ रुपये लेकर गोवा में इस्तेमाल करने का काम घोटाले के एक अन्य आरोपी विजय नायर और दिल्ली के आप विधायक दुर्गेश पाठक की देखरेख में किया जा रहा था।

## मेसर्स मां अंबे ने दो करोड़ रुपये गोवा भेजे

आंगड़िया का काम करने वाली मेसर्स मां अंबे ने दो करोड़ रुपये गोवा भेजे थे। इन सभी के बयान ईडी के पास हैं। गोवा चुनाव में इस पैसे के इस्तेमाल में चैरियट प्रोडक्शंस के राजेश जोशी की अहम भूमिका थी। ईडी के पास गोवा में आप के चुनाव प्रचार से जुड़े कई लोगों के बयान भी हैं, जिनमें नकद भुगतान की बात कही गई है।

### गोवा में AAP उम्मीदवारों को प्रदान की गई नकद राशि

गोवा में आप उम्मीदवारों को नकद राशि भी मुहैया करायी गयी। साउथ लॉबी से 100 करोड़ रुपये लेकर गोवा में इस्तेमाल करने का काम घोटाले के एक अन्य आरोपी विजय नायर और दिल्ली के आप विधायक दुर्गेश पाठक की देखरेख में किया जा रहा था।

## ईडी ने केजरीवाल को मनी लॉन्ड्रिंग का जिम्मेदार माना

मनी लॉन्ड्रिंग के लिए केजरीवाल को सीधे तौर पर जिम्मेदार ठहराते हुए ईडी ने आप कोषाध्यक्ष और राज्यसभा सदस्य एनडी गुप्ता के बयान का हवाला दिया। जिसमें उन्होंने बताया कि पार्टी प्रमुख के तौर पर केजरीवाल ही सारे फैसले लेते थे। संबंधित राज्य के चुनाव प्रभारी इनका इस्तेमाल करते थे। लेकिन चुनाव प्रभारी किसे बनाया जाए ये केजरीवाल ने ही तय किया।

# आम आदमी पार्टी की बढ़ी मुश्किलें, विधायक गुलाब सिंह यादव के घर ईडी की रेड

**जालंधर (जतिन चौहान) :** मख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी से दिल्ली की राजनीति में उथल-पुथल मची हुई है। इसी बीच खबर आ रही है कि आम आदमी पार्टी (आप) के विधायक गुलाब सिंह यादव के ठिकानों पर श्ष्ठ ने छापेमारी की है रेड अभी जारी है।

आम आदमी पार्टी ने एक बार फिर केंद्र सरकार पर साजिश का आरोप लगाया है। आप नेताओं का कहना है कि दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र तानाशाही की राह पर है। बीजेपी विपक्ष के नेताओं को जेल में डालने में लगी हुई है।

पार्टी विधायक गुलाब सिंह यादव पर ईडी की छापेमारी पर दिल्ली के मंत्री और आप नेता सौरभ भारद्वाज ने कहा, भारत ही नहीं बल्कि दुनिया भर के लोग जान गए हैं कि बीजेपी सरकार पूरे विपक्ष को जेल में डालने में लगी है। भारत रूस की राह पर चल रहा है।बांग्लादेश, पाकिस्तान, उत्तर कोरिया में ऐसा देखा जा चुका है और अब भारत भी उसी राह पर है उन्होंने आगे कहा, दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र अब तानाशाही की राह पर है जहां लोगों के बुनियादी अधिकार खत्म हो जाएंगे, जहां विपक्ष को रोका जाएगा।हमारे शीर्ष 4 नेता झूठे मामलों के तहत जेल में हैं। हम गुजरात में चुनाव लड़ रहे हैं, और पार्टी के गुजरात प्रभारी गुलाब सिंह यादव के यहां आज छापेमारी हो रही है। मुझे विश्वास है कि आने वाले समय में , आप नेताओं और अन्य विपक्षी नेताओं पर छापे मारे जाएंगे ताकि विपक्ष डरकर चुप हो जाए।

बता दें, गुरुवार शाम को आम आदमी पार्टी के नेता और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने शराब नीति घोटाले मामले में गिरफ्तार कर लिया था। ईडी और सीबीआई ने आरोप लगाया था कि शराब व्यापारियों को लाइसेंस देने की दिल्ली सरकार की उत्पाद शुल्क नीति ने गुटबंदी की अनुमति दी और कुछ डीलरों का पक्ष लिया, जिन्होंने कथित तौर पर इसके लिए रिश्वत दी थी। मामले में आप नेता मनीष सिसोदिया और संजय सिंह न्यायिक हिरासत में हैं।




# BJP ने किया स्पष्ट : बैंक अकाउंट नहीं हुआ है फ्रीज, झूठ बोल रही कांग्रेस

**जालंधर (सुरभि शर्मा) :** केंद्र में सत्तारूढ़ भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता संबित पात्रा ने कांग्रेस पार्टी द्वारा उसके बैंक अकाउंट को फ्रीज करने के आरोपों को झूठ का पुलिंदा बताते हुए शनिवार को दावा किया कि कांग्रेस का कोई बैंक अकाउंट फ्रीज नहीं हुआ है और वह झूठ का पुलिंदा खड़ा कर रही है।

पार्टी के राष्ट्रीय मुख्यालय में मीडिया को संबोधित करते हुए पात्रा ने कहा कि इनकम टैक्स एक्ट के प्रावधान 13ए के तहत राजनीतिक दलों को आयकर में छूट मिलती है। यह वित्त वर्ष 2017-18 का मामला है, जिसके लिए असेसमेंट के आधार पर टैक्स भरने की विस्तारित तारीख 31 दिसंबर 2018 थी। कांग्रेस ने नियमों के आधार पर तय डेट तक टैक्स नहीं भरा और नियमों के खिलाफ जाकर कैश में 14 लाख रुपए का बेनामी डोनेशन भी लिया। समय पर टैक्स नहीं भर पाने के कारण पेनल्टी लग कर कांग्रेस पर 105 करोड़ रुपए रिटर्न डिमांड बना, लेकिन कांग्रेस ने आयकर विभाग के पास सिर्फ ढाई करोड़ रुपए ही डिपोजिट किए। भाजपा प्रवक्ता ने कहा कि अगर उस समय कांग्रेस रिटर्न भर देती तो यह नौबत नहीं आती। बाद में ब्याज लगकर वह राशि 135 करोड़ रुपए तक पहुंच गई। कांग्रेस ने अपील की, जिसे पहले विभाग ने , फिर आईटीएटी और फिर दिल्ली हाई कोर्ट ने भी खारिज कर दिया।

पात्रा ने आगे कहा कि इसके बाद नियमों के मुताबिक, कांग्रेस के कुछ बैंक अकाउंट को रुटीन आधार पर अटैच किया गया और विभाग ने 115 करोड़ रुपए



निकालने पर रोक लगा दी। हालांकि कांग्रेस के बैंक अकाउंट को फ्रीज नहीं किया गया। उनके खाते अभी भी ऑपरेशनल हैं, उसमें जमा और निकासी दोनों कर सकते हैं। इसके साथ ही उन्होंने यह भी बताया कि कांग्रेस पार्टी के बहुत सारे बैंक खाते और कई पैन नंबर है। कांग्रेस के खाते में हजारों करोड़ रुपए हैं और लगभग 500 करोड़ का फिक्स्ड एसेट है। भाजपा नेता ने सोनिया गांधी, राहुल गांधी और मल्लिकार्जुन खड़गे पर झूठ का पुलिंदा खड़ा करने का आरोप लगाते हुए सवाल किया कि गांधी परिवार को क्यों लगता है कि वह कानून से ऊपर है। उन्होंने उम्मीद जताई कि अब राहुल गांधी इन तथ्यों का डिटेल में पॉलिटिकल नहीं टेक्निकल जवाब देंगे।

इलेक्टोरल बॉन्ड को लेकर पूछे गए सवाल का जवाब देते हुए पात्रा ने कटाक्ष करते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी और गांधी परिवार का बॉन्ड देश की जनता के साथ बन नहीं पा रहा है। वे बार-बार लेवल प्लेइंग फील्ड की बात कर रहे हैं लेकिन वह भ्रष्टाचार की पिच पर खेलेंगे तो यह कैसे होगा। यह तो तय है कि भ्रष्टाचारी भागेंगे और भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ने वाले उन्हें पकड़ेंगे। वहीं, भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता सैयद जफर इस्लाम ने कांग्रेस को घोटालों की सरताज बताते हुए कहा कि कांग्रेस घोटालों की पार्टी है।

आवश्यकता
पंजाब के हर शहर व कस्बे से
वंदे भारत 24 भारत के मन की बात
के लिए पत्रकारों की जरूरत है। चाहवान सम्पर्क कर सकते है।
मोब. 97814-00247
97804-00247
E-mail : info@vandebharat24.com

वंदे भारत 24 भारत के मन की बात
हमारे साथ जुड़ने के लिए व विज्ञापन देने के लिए सम्पर्क करें।
मोब. 97814-00247
97804-00247
E-mail : info@vandebharat24.com




# कांग्रेस का दोहरा चरित्र जनता के सामने उजागर

## केजरीवाल की गिरफ्तारी का पंजाब के कांग्रेसी नेताओं ने मनाया जश्न तो हाईकमान ने बताया हिटलरशाही

**कांग्रेस हाईकमान के फैसले से पंजाब और दिल्ली के कांग्रेसी नेता निराश, केजरीवाल को लेकर दो गुटों में बटी कांग्रेस**

**जालंधर ( हिमांशु ) :** कांग्रेस आजकल बेहद अजीबोगरीब दौर से गुजर रही है। लगातार हार ने कांग्रेस को अपनी नीतियों से भटकने पर मजबूर कर दिया है। कांग्रेस हाईकमान यही समझ नहीं पा रही है कि उसे क्या फैसला लेना चाहिए ? केजरीवाल मामले में भी कांग्रेस बेहद असमंजस की स्थिति में फंस चुकी है।

केजरीवाल की गिरफ्तारी पर एक तरफ जहां पंजाब और दिल्ली के कांग्रेस नेता जश्न मना रहे हैं। वहीं कांग्रेस हाईकमान इससे बेहद उलट चल रही है। राहुल गांधी पूरी तरह केजरीवाल के साथ खड़े नजर आ रहे हैं और उन्होंने इसे भाजपा की हिटलरशाही बताया है। राहुल गांधी को कोई यह बताने वाला नहीं है कि दिल्ली और पंजाब में कांग्रेस को धूल चटाकर ही आम आदमी पार्टी सत्ता में आई और पंजाब में तो कांग्रेस के एक-एक नेता को चुन चुन कर सलाखों के पीछे भेजा जा रहा है।

दिल्ली के नेता भी लगातार आप का विरोध कर रहे हैं। पंजाब के नेता साथ में चुनाव लड़ने से इनकार कर चुके हैं। मगर राहुल गांधी शायद कांग्रेस के भविष्य को समझने के लिए तैयार ही नहीं है। केजरीवाल मामले को लेकर कांग्रेस दो गुटों में बट चुकी है और आने वाले समय में कांग्रेस में एक और बड़ी फुट नजर आ सकती है क्योंकि कांग्रेस हाईकमान के फैंसले से ज्यादातर नेता खुश दिखाई नहीं दे रहे हैं।



## संयुक्त राष्ट्र प्रमुख ने गाजा में चार नागरिकों पर हुए हमले की जांच का आह्वान किया

**जालंधर ( जतिन चौहान ) :** संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने उस ड्रोन फुटेज की जांच का आह्वान किया है जिसमें गाजा में चार नागरिकों पर इजरायली हमले को दिखाया गया।



समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, एंटोनियो गुटेरेस के उप प्रवक्ता फरहान हक ने कहा, महासचिव उस वीडियो से बहुत परेशान हैं जिसमें कथित तौर पर गाजा में चार फिलिस्तीनियों को इजरायली हवाई हमलों में मारा गया था। निहत्थे चलते नागरिकों को निशाना बनाया गया था। फरहान हक ने कहा, एंटोनियो गुटेरेस ने इन घटनाओं की गहन, स्वतंत्र और विश्वसनीय जांच का आह्वान किया है। उन्होंने कहा है कि युद्ध के सभी पक्षों को अंतरराष्ट्रीय मानवीय कानून का पालन करना चाहिए। एक अंतरराष्ट्रीय मीडिया आउटलेट से मिले वीडियो में देखा गया कि चार लोग निहत्थे रोड पर चल रहे थे। एक इजरायली ड्रोन ने उन पर हमला कर दिया। जिसमें दो लोग मौके पर मौत हो गई। वहीं एक जिंदा बचे व्यक्ति को भागने का प्रयास करते देखा गया। दूसरे हमले में वह भी मारा गया। जबकि, दूसरे अन्य व्यक्ति को रोड पर लड़खड़ाते हुए देखा गया, उस पर एक और मिसाइल हमला हुआ जिसमें उसकी भी मौत हो गई। मीडिया आउटलेट के अनुसार, ऐसा माना जा रहा है कि हमला फरवरी 2024 की शुरुआत में हुआ था, जब अंतर्राष्ट्रीय कोर्ट ने इजरायल को नरसंहार के कृत्यों से बचने के लिए सभी उपाय करने का आदेश दिया था।

## Elvish Yadav को बड़ी राहत, मैक्सटर्न से जुड़े मारपीट मामले में कोर्ट से मिली जमानत

**जालंधर ( सूरभि शर्मा ) :** बिग बॉस ओटीटी 2 के विजेता एल्विश यादव को यूट्यूबर सागर ठाकुर उर्फ मैक्सटर्न से जुड़े मारपीट मामले में शनिवार को गुरुग्राम की एक अदालत ने जमानत दे दी। उत्तर प्रदेश (यूपी) पुलिस एल्विश यादव को गुरुग्राम कोर्ट ले कर आई, जहां गुरुग्राम पुलिस ने उसे हिरासत में ले लिया। इसके बाद यादव को मजिस्ट्रेट अक्षय कुमार की अदालत में पेश किया गया।

सेक्टर -53 पुलिस स्टेशन के एसएचओ (स्टेशन हाउस ऑफिसर) राजेंद्र कुमार ने आईएएनएस को बताया, एल्विश यादव को ड्यूटी मजिस्ट्रेट की अदालत ने जमानत पर रिहा कर दिया है। उन्हें शनिवार दोपहर करीब 1.30 बजे अदालत में पेश किया गया और उनके वकीलों द्वारा जमानत बांड भरने के बाद उन्हें जमानत दे दी गई।



गुरुग्राम पुलिस ने यूट्यूबर सागर ठाकुर से मारपीट मामले में यादव का बयान दर्ज किया। बयान दर्ज करने के बाद उन्हें कोर्ट में पेश किया गया, जहां कोर्ट ने एल्विश को जमानत दे दी। एसएचओ ने पहले कहा था कि एल्विश को 18 मार्च को हुए हमले के मामले में पेश होने के लिए नोटिस जारी किया गया था। हालांकि एल्विश को पहले ही नोएडा पुलिस ने हिरासत में ले लिया था। पुलिस ने एल्विश यादव के प्रोडक्शन वारंट के लिए गुरुग्राम कोर्ट में भी आवेदन किया था, जहां 27 मार्च को यादव की पेशी तय थी लेकिन इससे पहले ही उन्हें नोएडा कोर्ट से जमानत मिल गई।

हालांकि इस बीच एल्विश यादव और मैक्सटर्न के बीच हुए समझौते की बात भी सामने आई है। यह बताया गया कि एल्विश ने मैक्सटर्न से माफी मांग ली। एल्विश ने इसको लेकर अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर एक फोटो भी पोस्ट की थी, जिसमें 'ब्रदरहुड' लिखा हुआ था। यह घटना 8 मार्च को गुरुग्राम के सेक्टर 53 इलाके में एक शॉपिंग मॉल में हुई थी।

इस घटना का एक वीडियो वायरल हुआ था जिसमें एल्विश यादव को दिल्ली के एक कंटेंट क्रिएटर पर हमला करते हुए देखा जा सकता है। इसके बाद, एल्विश और अन्य के खिलाफ सेक्टर 53 पुलिस स्टेशन में भारतीय दंड संहिता की धारा 147 (दंगा), 149 (गैरकानूनी सभा), 323 (स्वेच्छा से चोट पहुंचाने की सजा), और 506 (आपराधिक धमकी) के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई थी।







## कांग्रेस ने SIDHU को दी Ticket की Offer, इस सीट से हो सकते है उम्मीदवार

**जालंधर ( दीपांशु चोपड़ा ) :** पंजाब प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष नवजोत सिंह सिद्धू ने लोकसभा चुनाव लड़ने से साफ इंकार कर दिया है और वह फिर से क्रिकेट कमेंटरी में शामिल हो गए हैं। इस बीच सूत्रों से जानकारी मिली है कि कांग्रेस ने नवजोत कौर सिद्धू को टिकट का ऑफर दिया है, लेकिन वह खराब सेहत का हवाला दे रही हैं।आपको बता दें कि वह कुछ समय पहले ही कैंसर से ठीक हुए हैं।

MP परनीत कौर के बीजेपी में शामिल होने के बाद सबसे बड़ा सवाल यह है कि पटियाला से कांग्रेस का टिकट किसे मिलेगा क्योंकि लाल सिंह और ब्रह्म महिंद्रा काफी बुजुर्ग हो गए हैं, जिसे देखते हुए संगरूर से पूर्व सांसद विजय इंदर सिंगला ने पटियाला से दावा ठोक दिया है, जो उनके पिता संत राम सिंगला का राजनीतिक करियर रहा है। वहीं सूत्रों के मुताबिक, कांग्रेस ने नवजोत सिद्धू की पत्नी नवजोत कौर सिद्धू को भी



पटियाला से टिकट का ऑफर दिया है.। वह कुछ समय पहले तक पटियाला में काफी सक्रिय रहे हैं। हालांकि, उनके द्वारा खराब स्वास्थ्य का हवाला दिया जा रहा है, जहां तक खुद नवजोत सिद्धू की बात है तो वह भी लोकसभा चुनाव लड़ने से इनकार कर रहे हैं।